अखबार वो जो दिखाता है सच · हिन्दी दैनिक · तेजयुग न्यूज़ हरियाणा

www.tejyug.com
epaper.tejyug.com

## संक्षिप्त समाचार

### लोस चुनाव को लेकर सभी कजहेड़ी वासी ने विश्वास दिलवाया की कजहेड़ी के हर बूथ पर कमल खिलेगा




**चंडीगढ़ :** वार्ड 31 कजहेड़ी में आज गुगा माड़ी प्रधान जगबीर सिंह जग्गा जी द्वारा कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष ललित चौहान जी, एरिया पार्षद लखबीर सिंह बिल्लू जी, मंडल उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह बावा जी, महामंत्री देवेंद्र सिंह जी, दीप वर्मा जी और कजहेड़ी गुगा से जितेंद्र बाली जी, सरवन जी, दीपू जी, अमन जी, दलबीर जी एव कजहेड़ी उपस्थित रहे। आज की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी कजहेड़ी वासी ने विश्वास दिलवाया की कजहेड़ी के हर बूथ पर कमल खिलेगा।

### चंडीगढ़ सेक्टर 17 में चल रहे अवैध ढंग से, समोसा और ब्रेड पकोड़ा बनाने का कार्य



**चंडीगढ़/सुनील पांडेय :** चंडीगढ़ नगर निगम सेक्टर 17 के अंतर्गत क्या ,दुकानदारों से पैसा लेकर उसे चलाता है। आम जनता का सवाल, कानून की उड़ा रहे लोग धज्जियां, प्रशासन मूक दर्शक हैं। कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं। मीडिया के संज्ञान में लाने के बावजूद भी, नहीं हटाई गई दुकाने, क्या एरिया इंस्पेक्टर पैसे लेता है । क्या यह धंधा सालों से चल रहा है। इस पर चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा कोई भी क्यों नहीं होती ,क्यों दुकानदारों पर नकेल नहीं कसी जाती क्रप्शन जारी है। प्रशासन कर्मचारी कितने इतने मस्त हैं। कि ,उन्हें मीडिया द्वारा आगाह करने पर भी ,उनको उस जगह पर से नहीं उठाया जाता। सवाल आम जनता का है। क्या ऐसे ही चलता रहेगा करप्शन, अगर व्यक्ति ऐसे पकौड़े खाने से, बीमार पड़ जाय तो क्या प्रशासन जिम्मेदारी लेगा। एक बड़ा सवाल है।

### बीजेपी-जेजेपी में अंदरूनी सांठगांठ, इसलिए गठबंधन तोड़ने का रचा प्रपंच : हुड्डा

**चंडीगढ़ :** बीजेपी-जेजेपी ने गठबंधन तोड़ने का सिर्फ एक प्रपंच रचा है और आज भी दोनों दलों में अंदरूनी सांठगांठ है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। उन्होंने कहा कि विधानसभा में ही दोनों दलों की सांठगांठ एक्सपोज हो गई थी। क्योंकि, विश्वास प्रस्ताव के दौरान जेजेपी की तरफ से व्हिप जारी करके अपने सभी विधायकों को गैर-हाजिर रहने का आदेश दिया गया था। ताकि भाजपा को जेजेपी की अनुपस्थिति का पूरा फायदा मिल सके। लेकिन, हरियाणा की जनता इस मिलीभगत को अच्छे से समझती हैं। सभी जानते हैं कि इस बार भी चुनाव में कुछ दल भेष बदलकर कांग्रेस के वोट काटने के मकसद से चुनाव में उतरेंगे। जनता उन्हें वोट की चोट से जवाब देगी। हुड्डा ने कई दलों द्वारा कांग्रेस में शामिल होने के पत्रकारों के सवाल पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 33 दलों द्वारा दिल्ली में एआईसीसी ऑफिस जाकर इंडिया गठबंधन को बाहर से समर्थन देने की पेशकश की गई है। जहां तक हरियाणा का विषय है, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी या उसके प्रमुख राजकुमार सैनी का कांग्रेस में शामिल होने का सवाल ही नहीं है। क्योंकि, न तो वो कांग्रेस में शामिल हुए, न ही कांग्रेस के सदस्य बने।

# चंडीगढ़ सेटर 22 में, कई सालों से चल रहा क्रप्शन, बंद होगा कब


सुनील कुमार



**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ सेक्टर 22 किरन सिनेमा के बैक साइड चल रहे शोरूम कई सालों से, अनऑथ-राइज्ड तरीके से कार्यरत हैं, लेकिन चंडीगढ़ प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं करता। आम जनता का सवाल है की बैक साइड का रोड,समान खाली करने एवं सामान लोड करने के लिए बनाया जाता है। लेकिन वहीं पर इसके पीछे दुकानी चलाई जा रही है। चंडीगढ़ एम.सी. प्रशासन इस पर कोई भी संज्ञान नहीं लेता।

क्या एरिया इंस्पेक्टर पैसा लेता है या एम.सी. कमिश्नर अनंदिता मित्र को भी इसका पैसा जाता हैं। आम जनता का सवाल है। सालों से चल रही दुकान आखिर कब होगी बंद,वही आम जनता को थोड़ी सी गलती करने पर उसे चालान भुगतना पड़ता है। लेकिन बड़े-बड़े चल रहे शोरूम पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। क्या यह पैसा दिल्ली तक जाता है या यहां के मेयर तक ,आम जनता सवाल पूछती है प्रशासन मूक दर्शक ना बने, अपने जिम्मेवारियों को निभाए और जनता को जवाब दे।

### हिमाचल प्रदेश में 6 कांग्रेस विधायकों को किया निष्कासित



हिमाचल प्रदेश
Himachal Pradesh

| क्र० | | विधानसभा का नं० एवं नाम | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 18 | धर्मशाला Dharamshala | श्री सुधीर शर्मा Shri Sudhir Sharma |

1


| क्र० | | विधानसभा का नं० एवं नाम | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|---|
| 2. | 21 | लाहौल व स्पीति (अजजा) Lahaul & Spiti (ST) | श्री रवि ठाकुर Shri Ravi Thakur |
| 3. | 37 | सुजानपुर Sujanpur | श्री राजिंदर राणा Shri Rajinder Rana |
| 4. | 39 | बड़सर Barsar | श्री इंद्र दत्त लखनपाल Shri Inder Dutt Lakhanpal |
| 5. | 42 | गगरेट Gagret | श्री चैतन्य शर्मा Shri Chaitanya Sharma |
| 6. | 45 | कुटलैहड़ Kutlehar | श्री देविन्दर कुमार (भुट्टो) Shri Devinder Kumar (Bhutto) |

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** हिमाचल प्रदेश में अभी हाल में ही 6 कांग्रेस विधायकों को निष्कासित किया गया था अभी आज की लिस्ट जारी हुई है कि सभी छह निष्कासित विधायकों को भाजपा से टिकट दिया गया है अब देखना यह है कि जिन स्थानों पर भाजपा के पुराने प्रत्याशी थे क्या वह उनके समर्थन मैं खड़ा उत्तर पाएंगे या नहीं।

# आप के चंडीगढ़ मेयर व पंजाब के मंत्रियों की गिरफ्तारी भाजपा की तानाशाही : प्रेम गर्ग

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार



**चंडीगढ़ :** क्या भारत में लोकतंत्र है या तानाशाही यह सवाल उठाया चंडीगढ़ के वरिष्ठ आम आदमी पार्टी के नेता प्रेम गर्ग ने। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार, चंडीगढ़ के कई पार्षद, पंजाब के मंत्री हरजोत बैंस और डॉक्टर बलबीर सिंह और कई नेताओं की गिरफ्तारी भाजपा की तानाशाही का सबूत है। मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में पटेल चौक के पास चंडीगढ़ मेयर कुलदीप कुमार टीटा को अन्य आम आदमी पार्टी के पार्षदों के साथ गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि आज के दिन, पंजाब के मंत्री हरजोत सिंह बैंस और डॉ बलबीर सिंह भी दिल्ली से गिरफ्तार किए गए जब पार्टी के नेताओं ने आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तथाकथित शराब नीति मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा हुए। प्रेम गर्ग का कहना है कि भाजपा चाहे तो आप के सभी नेताओं को जेल में डाल दे लेकिन अब आम आदमी पार्टी की लोकतांत्रिक मूल्यों की आवाज घर-घर पहुंच चुकी है और इसका सबूत आने वाले लोकसभा चुनाव में पूरे उत्तर भारत में सबके समक्ष प्रस्तुत हो जाएगा। ये सब गिरफ़्तारियाँ एक डरे हुए तानाशाह की डूबती नैया को बचाने की असफल कोशिश मात्र है।

# लोक सभा चुनाव : शिरोमणि अकाली दल ने अजीत सिंह को नियुत किया चंडीगढ़ का मुय प्रवता

## पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने मुख्य वक्ता के साथ-साथ चुनाव कमेटी का प्रमुख भी नियुक्त किया

- भाजपा से कोई गठबंधन नहीं, अकाली दल अपने बल पर लड़ेगा चंडीगढ़ लोक सभा चुनाव : हरदीप बुटेरला

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार




**चंडीगढ़ :** केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लोक सभा चुनाव के मद्देनजर ट्रेड यूनियनों समेत विभिन्न सामाजिक और कर्मचारी संगठनों में अहम पदों पर रह चुके अजीत सिंह को शिरोमणि अकाली दल चंडीगढ़ का मुख्य प्रवक्ता और चुनाव कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने आज यहां सेक्टर 28 स्थित पार्टी कार्यालय में यह नियुक्ति की। अकाली दल ज्वाईन करने उपरांत अपने बारे जानकारी देते हुए अजीत सिंह ने कहा कि वे भारतीय मजदूर संघ के आल इंडिया (लोकल बाडीज) सचिव और प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा वे कर्मचारियों के 41 विभिन्न एसो. पर आधारित कर्मचारियों की कोआर्डीनेशन कमेटी के अध्यक्ष और चंडीगढ़ सिटीज़न अवेयरनैस काउंसिल के अध्यक्ष भी रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल द्वारा सौंपी गई इस जिम्मेदारी को वे बाखूबी निभाएंगे। लोक सभा चुनाव में चंडीगढ़ से शिरोमणि अकाली दल द्वारा घोषित किये जाने वाले उम्मीदवार के चुनाव प्रचार को पूरी टीम के साथ मिलकर शिखर पर पहुंचाने के लिए पूरी मेहनत से काम करेंगे। इस मौके पर अकाली दल चंडीगढ़ के अध्यक्ष हरदीप सिंह बुटेरला ने पूरी चुनाव कमेटी टीम से अपील की कि वे अजीत सिंह को अधिक से अधिक चुनाव प्रचार में सहयोग करें और पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करें। श्री बुटेरला ने स्पष्ट किया कि शिरोमणि अकाली दल का चंडीगढ़ में भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं है, अकाली दल अपने बल पर लोक सभा चुनाव लड़ेगा।

# रोजा इफ्तारी पार्टी में शामिल हुए संजय टंडन, व्रतियों को दी शुभकामनाएं



तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार

**चंडीगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हिमाचल के सह प्रभारी एवं चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन रविवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा सेक्टर 26 में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए तथा रोजा रखने वाले भाइयों का रोजा खुलवाया व उनको शुभकामनाए दी ।

इस अवसर पर संजय टंडन ने कहा कि रमजान का महीना बहुत पवित्र होता है यह हमें अपनी आत्मा की शुद्धि तथा शरीर की शुद्धि का संदेश देता है । इस महीने में रोजा रखने वाले सभी मुस्लिम भाइयों को अल्लाह की इबादत करने तथा आपसी भाईचारे का संदेश मिलता है। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जावेद अंसारी, महामंत्री काका सिंह, इस्तेखार अहमद, परदेश उपाध्यक्ष अनवार अहमद, शमसाद, नाज राना, सचिव सलीम, लाइक खान, चांद मियां और अल्पसंखयक मोर्चा चण्डीगढ़ प्रदेश के सभी जिला अध्यक्ष और जिला महामंत्री अली मोहम्मद, नदीम, मुल्तान, इमरान, वासिल, नसीम सहित बड़ी संख्या में रोजा रखने वाले मुस्लिम भाइयों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पार्षद दलीप शर्मा, जिला अध्यक्ष सतपाल वर्मा और कपिल शर्मा भी उपस्थित रहे ।

# महावीर सेवा समिति ने मनाया पांचवा श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव

## धार्मिक कार्यक्रमों से बढ़ता है आपसी भाईचारा : जसबीर पंजेटा



तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार

**चंडीगढ़ :** शहर की महावीर कॉलोनी तहसील रोड पर श्री महावीर सेवा समिति द्वारा पांचवा श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला परिषद वार्ड 7 एवं जजपा लाडवा हल्का प्रधान जसबीर पंजेटा ने शिरकत की। वही दीप प्रचलित समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया।

जसवीर पंजेटा ने श्रद्धालुओं से कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए, ताकि आपसी भाईचारा बना रहे और इससे प्रकार के आयोजनों से भक्ति भाव भी सभी के अंदर बनती है मंडल के सेवक अजय सिंगला ने बताया कि पांचवें श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव में बाहर से आए गायकों विधि गर्ग, सचिन सिघान व मोहित गोयल द्वारा सुंदर-सुंदर भजन सुनाए गए और मंच का संचालन प्रिंस बजाज द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यातिथि के रूप में जिला परिषद वार्ड 7 के सदस्य एवं जजपा हल्का प्रधान जसबीर पंजेटा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और श्री खाटू श्याम बाबा की आरती की। वहीं समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम शुरु करवाया। महोत्सव के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भजन गायकों द्वारा सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु थिरकने पर मजबूर हो गए। वहीं समिति की ओर से मुख्यातिथि व वशिष्ठ अतिथियों को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं मौके पर अनिल आनंद, चरणजीत, अमित गर्ग, उपिंदर सिंह डिक्कू, हैप्पी जिंदल, नरेश मेहता, साहिल, शुभम, नरेश शर्मा, राजेंद्र अरोड़ा, अनिल मलिक, विजय भूषण, संजीव मल्होत्रा, विशाल कोहली, गीता आनंद सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सुनैना चौटाला को इनेलो ने हिसार से उम्मीदवार बनाया



**सिरसा ।** इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से पार्टी की महिला विंग की प्रदेश महासचिव सुनैना चौटाला को हिसार संसदीय सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुनैना चौटाला चौधरी देवीलाल परिवार की दूसरी महिला है जो चुनावी दंगल में उतरी हैं। बता दे कि हिसार सीट से जन नायक जनता पार्टी नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाना चाहती है। वही चौधरी रणजीत सिंह भी इस सीट से भाजपा की टिकट मांग रहे हैं। अगर ये तीनो नेता चुनावी मैदान में उतरते हैं तो हरियाणा प्रदेश में सबसे रोचक मुकाबला इस सीट पर होगा।

# हर परिस्थिति का सामना करने वाले ही लक्ष्य को पाते हैं : त्रिपदा भारती



तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ ।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से पांच दिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया गया। कथा के अंतिम दिन मुख्यातिथि के रूप में सांसद सुनीता दुग्गल, राष्ट्रीय परिषद सदस्य जगदीश चोपड़ा, मोहित शर्मा, अनिल चाचाण, सुशील लीला, विरेंद्र गुप्ता, सतपाल सिंह ऐलनाबाद, कर्मजीत सिंह ने शिरकत की।पंचम दिवस में आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी त्रिपदा भारती ने सुंदरकांड प्रसंग को बहुत रोचक ढंग से प्रस्तुत करने के साथ-साथ उसमें निहित आध्यात्मिक रहस्यों को भी उजागर किया। कथा के अंतिम दिन सांसद सुनीता दुग्गल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

साध्वी त्रिपदा भारती ने कहा कि भक्त हनुमान की सीता जी तक पहुंचने की यात्रा वास्तव में भक्त की भक्ति को प्राप्त करने की यात्रा है। जिस प्रकार इस यात्रा में हनुमान जी के सामने विभिन्न प्रकार की परिस्थितियां आई। किन्तु वह हर परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं, ठीक इसी प्रकार जब एक भक्त भक्ति को प्राप्त करने के लिए चलता है। तो उसके मार्ग में भी बहुत सी रूकावटें आती है, लेकिन भक्त अपने दृढ़ निश्चय से अपनी सारी बाधाओं को पार कर जाता है। इसके अतिरिक्त साध्वी ने अपने विचारों में युवा वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागृत किया। युवा हमारे देश की रीड की हड्डी है। जैसे हमारा शरीर इसके बिना खड़ा नहीं हो सकता, ठीक उसी प्रकार युवाओं का भी समाज के उत्थान में विशेष योगदान होता है। इनके बिना प्रगति संभव नहीं है। किंतु अफसोस की बात हमारे युवा अपनी ऊर्जा अपनी शक्ति को भूल चुके हैं और पतन की राहों पर अग्रसर हो रहे हैं। जिससे न केवल स्वयं के जीवन को नष्ट कर रहे हैं। अपितु समाज को भी विनाश की गर्त में ले जा रहे हैं। भारत युवा प्रधान देश है। अगर युवा स्वयं को जान लें तो हमारे समाज का उत्कर्ष संभव है। आज जरूरत है युवाओं को अध्यात्म ज्ञान से जुडने की। अध्यात्म ज्ञान हमारी जड़ है।

### निसान, अक्षय पात्र फाउंडेशन स्कूली बच्चों को उपलब्ध कराएंगे भोजन

**चंडीगढ़ :** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और द अक्षय पात्र फाउंडेशन साझेदारी से स्कूली बच्चों को 50 लाख से ज्यादा भोजन उपलब्ध कराएंगे। नई दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों की भोजन एवं पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए दोनों जनवरी, 2023 से साथ काम कर रहे हैं। यह पहल मजबूत एवं शिक्षित पीढ़ी को बढ़ावा देते हुए देश के लिए स्वस्थ भविष्य के निर्माण की दोनों की साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है।

# दक्षिण एशिया में शांति और एकता के लिए कैंडललाइट प्रार्थना के साथ वाघा बॉर्डर पर पेडल 4 पीस साइकिल यात्रा का हुआ समापन

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार



**चंडीगढ़/अमृतसर :** शांतिप्रिय वरिष्ठ 21 साइकिल चालकों ने अमृतसर पहुंचने के बाद सबसे पहले खालसा कॉलेज से सेंट पॉल चर्च, कोर्ट रोड तक 'इंटर-फेथ हार्मनी मार्च' निकाला, जहां उत्तरी भारत चर्च के बिशप प्रदीप समनत्रॉय ने उनका स्वागत किया। पूरी पहल की सराहना करते हुए बिशप कहा कि सभी के लिए अंतरधार्मिक विश्वास और न्याय, विशेषकर वंचितों के लिए, दुनिया में किसी भी स्थायी शांति के लिए पहली शर्त है।

इस अवसर पर साइकिल चालक जो महात्मा गांधी और अखिल भारतीय पिंगलवाड़ा सोसाइटी की शांति पुस्तकें, शांति बीज, शांति प्रतीक और शांति पौधे साथ लेकर चल रहे थे, चर्च के बिशप व विशेष कर पंजाब पुलिस के डी एस पी मनोज सिंह को श्री प्रमोद शर्मा ने आभार के तौर पर भेंट किए, जिहोंने यात्रा को सफल बनाने में सहयोग दिया था। पेडल 4 पीस चंडीगढ़ से वाघा बॉर्डर की शुरुआत शहीद-ए-आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर चंडीगढ़ स्थित युवा एनजीओ-युवसत्ता और इंटरनेशनल सिख कॉन्फेडरेशन द्वारा की गई थी। जिसमें भारत के चार अलग-अलग राज्यों से मुख्य रूप से कर्नाटक, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ से प्रतिभागी भाग ले रहे थे।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए युवसत्ता के संस्थापक श्री प्रमोद शर्मा ने बताया कि देर शाम अमृतसर पुलिस की सहायता से सभी साइकिल चालक वाघा बॉर्डर पहुंचे, जहां मौन रह कर मोमबत्ती की रोशनी में प्रार्थना का आयोजन किया गया और इसे बढ़ावा देने के लिए काम करने का संकल्प लिया गया। शहीद भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानी के आदर्श, जो युवा शक्ति में विश्वास करते थे और वास्तविक अर्थों में किसी भी सतत विकास और स्वतंत्रता के लिए श्रमिक वर्ग के लिए न्याय और समान अधिकार सुनिश्चित करते थे।

उन्होंने आगे कहा कि शुरुआत में उन्होंने शहीद भगत सिंह के जन्मस्थान तक साइकिल से जाने की योजना बनाई थी, लेकिन इस बार वे वीजा पाने में सफल नहीं हो सके। लेकिन वे यात्रा पूरी करने के लिए अगले सर्वोत्तम अवसर की प्रतीक्षा करेंगे। सिख इंटरनेशनल कॉन्फेडरेशन के एस जगतार सिंह मुल्तानी ने भी साझा किया कि अमृतसर में, वे ऑल इंडिया पिंगलवाड़ा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा उनके समर्थन के लिए दिए गए गर्मजोशी भरे स्वागत और अतुलनीय आतिथ्य के लिए आभारी हैं और उन्होंने ऐसे संस्थानों का समर्थन करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का फैसला किया है। जो वास्तव में हाशिए पर मौजूद लोगों को सशक्त बना रहे हैं। कार्यक्रम का समापन वाघा बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी के साथ किया गया।

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और आप कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन

तेजयुग न्यूज/प्रवीन ठाकुर




**पानीपत :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विधायक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश मुंजाल ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया था। जहां पर पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं पर हाई प्रेशर पानी की बौछारे डाली। उन पर लाठी चार्ज किया और रबड़ की गोलियां चलाई गई?

उन्होंने कहा कि इस लाठी चार्ज में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित अनेकों कार्यकर्ता पूरी तरह जख्मी हुए। जबकि आम आदमी के कार्यकर्ता बिल्कुल शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तानाशाही सरकार ने बर्बरता पूर्वक शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसाई। जिसके चलते अनेकों कार्यकर्ता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मुंजाल ने कहा कि सरकार की इस बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के खिलाफ आम आदमी में रोष है। देश भर में भाजपा सरकार की इस कार्रवाई की निंदा की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता मौजूदा सरकार से तंग आ चुकी है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे रोष प्रदर्शन और धरने इस बात का संकेत है कि देश की जनता ने सरकार बदलने का मन बना लिया है। आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को आईना दिखाने वाली है। इसी के विरोध में आज यह प्रदर्शन कर रहे हैं।